Now, at this altitude, there are no flowers, no grass, no trees, nothing grows there. They use cloth or plastic flowers for adorning Shiva. I telephoned Delhi and requested the Bhaskar family, who were joining us on the pilgrimage, to bring flowers, bael patra, the clothes for sringara, and all other items needed for the abhisheka. The pandit allowed the six of us inside the sanctum sanctorum. I made four groups out of our people: one group would do the abhisheka on behalf of Ganga Darshan Vishwa Yogapeeth, one group would do it on behalf of Rikhiapeeth, one group would do it on behalf of Sannyasa Peeth, and one group would do it on behalf of all the people who are connected with Sri Swamiji. We sat in the four different corners and took our sankalpa: "This is for Ganga Darshan Vishwa Yogapeeth", "This is for Rikhiapeeth", "This is for Sannyasa Peeth", "This is for all the people connected with Sri Swamiji, yoga and associated with us." After many moons, the temple abhisheka was performed with real flowers. One thousand and eight names of Shiva were chanted, and with each name, one bael patra and one lotus flower was placed on the lingam. We decorated it beautifully. We put all our malas on Shiva. All the photos I had of Sri Swamiji and of Swami Sivananda and the small Shivalingam I had, were placed on Him. We had purchased some pictures of Sri Kedarnath, and they were also placed on the Shivalingam during the abhisheka. It was absolutely beautiful. We finished by midnight.

After the conclusion of the abhisheka, we returned to our guesthouse and I said, "There is nothing more to do here. Tomorrow morning at six, we will leave." We went to bed around one-thirty and woke up at three-thirty. We packed



what we had and started moving at six o'clock. By twelve noon we reached Rambara.

**In a protective cocoon**

As we arrived in Rambara, there was a cloudburst slightly higher up on the mountain and the rain started to pour. We continued to travel down the mountain and when we arrived in Gaurikund, there was a landslide above us and the village of Rambara, which we had just come from, was wiped away. We left Gaurikund and came to Sonprayag, and the Gaurikund bridge was wiped away. Twenty cars fell in the gorge. Landslides were occurring continuously in the areas we had just left.

We travelled down to Rudraprayag. We stayed there overnight and at six o'clock on the morning of the 16th, I said, "We will leave this place now." Sometime later, the hotel beside the riverbank where we had stayed, was destroyed. We reached Rishikesh and spent the night there. I could see the

river water rising. The next morning, on the 17th, I opened a window of the hotel and the houses on the banks of the Ganges were almost under water.

We were hours ahead of all these disasters. In one day, we saw about 150 landslides. It was like the movie *2012*: the catastrophe was taking place behind us and we were just ahead of it in our car. From the rearview mirror, we could see mountains collapse, roads and villages being swept away. While all this devastation was taking place, we were moving with absolutely no anxiety, fear or panic. We were completely relaxed, tension-free, eating, drinking and singing. It was as if we were being carried in the hands of some higher power and taken through the most impossible odds. There were huge boulders on the road, yet we always found just enough space to get around them. We played the *Hanuman Chalisa* and it felt as if the car was in Hanumanji's hand, and all barriers were overcome easily. One person even said that it was as if we were surrounded by a protective cocoon, surrounded by an invisible force field.

**Message of Shiva**

The message of Kedarnath was, "Believe in Me." Shiva was saying, "You have had your darshan, now you should go, as I am going to change everything." I was practically the last person to perform abhisheka in Kedarnath. I feel very grateful that we had the opportunity to go to Kedarnath. People will not be able to visit for many years now. Only the temple peak survives. Everything else is under ten or twelve feet of slush.

Shiva lived up to his reputation on this trip to Kedarnath. He showed his Rudra aspect. Deep inside, I believe he was waiting to give me his darshan; I do have a strong feeling that he was waiting to give me the darshan before changing everything.

As an individual and as a pilgrim who had gone for a specific purpose, a specific reason, all was attained without any struggle or difficulty on our part and grace was in

abundance. It was an incredible experience overall, to undergo the extremes: satisfaction in the sadhana and distress for the devastation. With deep appreciation, I left Kedarnath with a sense of fulfilment, happiness and contentment; sadness for others, yet a sense of deep achievement. What I had gone for was achieved. ■



# केदारनाथ में शिव दर्शन

स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती

*महाद्रिपार्श्वे च तटे रमन्तं सम्पूज्यमानं सततं मुनीन्द्रैः।*
*सुरासुरैर्यक्षमहोरगाद्यैः केदारमीशं शिवमेकमीडे ॥*

इस वर्ष जून के महीने में हम हिमालय के ऊँचे शिखरों में बसे भगवान शिव के एक परम पावन धाम गए थे। भारत का यह अंतिम शिवालय, केदारनाथ के नाम से जाना जाता है। पुराणों में कहानी आती है कि महाभारत युद्ध के बाद जब पाण्डव युद्ध के पापों का प्रायश्चित्त करने भगवान शिव की खोज में निकले, तो सबसे पहले वे काशी गए, लेकिन उन्हें आता देख भगवान शिव वहाँ से गायब हो गए और हिमालय में आकर एक ऐसे स्थान में छिप गए, जो बाद में गुप्त काशी कहलाया। जब पाण्डवों ने अंततः उन्हें ढूँढ निकाला, तो वे एक बैल का रूप धारण कर केदार पर्वतशृंखला की ओर निकल गए और वहाँ धरती में घुस गए। पाण्डवों ने किसी तरह उनकी पूँछ पकड़ ली और उनसे वहाँ रहने की प्रार्थना की। भगवान शिव ने उनकी प्रार्थना को स्वीकार किया, और उनके वृषभ-देह का कूबड़ वहीं केदारनाथ शिवलिंग के रूप में रह गया।

## यात्रा की शुरुआत

हमारी यात्रा 10 जून को सबेरे 4 बजे प्रारम्भ हुई। स्वामी शिवराज एवं स्वामी सत्यमूर्ति के साथ हम गंगादर्शन से पटना के लिये रवाना हुए। पटना से दिल्ली तक और फिर दिल्ली से देहरादून तक हमने हवाई यात्रा की। देहरादून में विमान से उतरकर कार में बैठे और पहाड़ों की घुमावदार सड़कों पर चलते हुए आठ घण्टे बाद श्रीनगर नामक स्थान पर पहुँचे।

यह नाम सुनकर लोग प्रायः काश्मीर के श्रीनगर का अंदाज लगाते हैं, लेकिन वास्तव में भारत में बारह श्रीनगर रहे हैं, जिनकी स्थापना आदि शंकराचार्य ने की थी। उन्होंने भारत के विभिन्न स्थानों पर बारह श्रीयंत्रों की स्थापना की और प्रत्येक स्थान श्रीनगर कहलाया। बारह में से दस तो काफी समय पहले ही नष्ट हो गए। अब मात्र दो बचे हैं, जिनमें से एक जम्मू एवं काश्मीर की राजधानी है और दूसरा उत्तराखण्ड राज्य का एक छोटा-सा कस्बा है। यहाँ का मंदिर भी सन् 1977 में बाढ़ की चपेट में आने से नष्ट हो गया था। 10 जून की रात का हमारा प्रथम रात्रि पड़ाव इसी श्रीनगर में हुआ।

11 जून को हमने श्रीनगर से हिमाच्छादित पर्वतमालाओं की ओर प्रस्थान किया। रास्ते में अनेक ऐसे नगर-ग्राम आए, जिनके नाम के अंत में 'प्रयाग' जुड़ा है, जैसे



देवप्रयाग, रुद्रप्रयाग और सोनप्रयाग। इन स्थानों पर प्राय: दो या अधिक नदियाँ आकर मिल जाती हैं। इलाहाबाद का प्रयागराज तो विश्वप्रसिद्ध है। श्रीनगर से निकलकर हम अलग-अलग प्रयागों से गुजरते गए, जहाँ विभिन्न नदियाँ आकर गंगा जी में मिल जाती हैं। इन सब नदियों के उद्गम हिमालय की ऊँचाइयों में स्थित ग्लेशियर हैं। दोपहर तक हम सोनप्रयाग पहुँचे। यहाँ कोई विशेष सुविधा उपलब्ध नहीं है, बस तीर्थयात्रियों के मार्ग में एक छोटा-सा पड़ाव है।

## हिमालय के उत्तुंग शिखरों की ओर

सोनप्रयाग से निकलकर हम और अधिक ऊँचाई पर स्थित गौरीकुण्ड पहुँचे, जहाँ अपनी मोटरगाड़ी छोड़नी पड़ी। गौरीकुण्ड वह स्थान है जहाँ से भगवान केदारनाथ के दर्शनाभिलाषी अपनी पैदल यात्रा का श्रीगणेश करते हैं। गौरीकुण्ड में गर्म जल का एक स्रोत है, और लोगों की मान्यता है कि इसके पास ही माँ गौरी ने तप किया था। इस कुण्ड के गर्म जल में तीर्थयात्री यात्रा प्रारम्भ करने से पूर्व स्नान करते हैं और घोड़े या पालकी पर सवार होकर या फिर पैदल ही केदारनाथ की ओर बढ़ते हैं।

11 जून को दोपहर बाद जब हम गौरीकुण्ड पहुँचे तो जानकरी मिली कि उस दिन वहाँ हड़ताल थी। न घोड़े उपलब्ध थे, न ही कुली। अपने सामान को वहीं पर छोड़ने के अलावा हमारे पास कोई चारा नहीं था। हमने वह रात गौरीकुण्ड में ही बिताई और सबेरे 3 बजे से हमने चढ़ाई प्रारम्भ की। शरीर पर जितने थर्मल, स्वेटर और जैकेट ओढ़ सकते थे, उतने पहनकर और कंधे पर एक छोटा झोला लटकाकर हमने चलना शुरू कर दिया।

यह जीवन की सबसे कठिन चढ़ाई साबित हुई। कैलास-मानसरोवर की यात्रा तो इसके सामने कम्पनी-बाग की सैर थी। खड़ी ढलान पर चढ़ाई और उतराई, दोनों में रोंगटे खड़े हो जाते हैं। रास्ते में कई ऊँची, खड़ी चट्टानें आती हैं, जिनपर चढ़ने के लिए दोनों पैर ही नहीं, दोनों हाथ भी इस्तेमाल करने पड़ते हैं। अन्य पर्वतशृंखलाओं की तुलना में हिमालय नए पर्वत हैं, जहाँ मजबूत चट्टानें कम, मिट्टी और पथरीली रेत ज्यादा है। ऊपर चढ़ते समय हाथों के लिए पकड़ने लायक कुछ भी नहीं मिलता था। कहीं घास को पकड़ते, तो कहीं किसी छोटे-से शिलाखण्ड को। किसी तरह पंजों, हाथों, यहाँ तक कि नाखूनों को दरारों में फँसाते-निकालते

हम आगे बढ़ते गए। सौ कदम चढ़ते फिर लगभग आधा मिनट रुकते। कछुए-सी मंथर गति थी हमारी। गति जरा भी तेज करते तो दस कदम के बाद पस्त हो जाते। हमारे पैरों की पेशियाँ हमसे बगावत करने पर उतारू हो जातीं। एक किलोमीटर की दूरी हमने किसी तरह आधे घण्टे में तय की। कुल सोलह किलोमीटर की यात्रा पूरी करनी थी। याने आठ घण्टे! बहुत ही धीमी और थका देने वाली चाल थी हमारी। एक तो पेशियों की थकान, ऊपर से वायुमण्डल में ऑक्सीजन की कमी। कुछ एक कदम चलने के बाद हम सभी हाँफने लगते थे।

हमारा अगला पड़ाव रामबाड़ा था, जो गौरीकुण्ड और केदारनाथ के ठीक बीचोबीच है। यहाँ से घोड़ों पर यात्रा शुरू होने वाली थी। घोड़ों पर बैठकर हमने चैन की साँस ली क्योंकि आगे का रास्ता अधिक चुनौतीपूर्ण था। पहाड़ों पर संकरी पगडंडियाँ बनी हैं, जिनपर आदमियों का चल पाना तो मुश्किल है, पर पहाड़ी खच्चर और घोड़े उन पर आसानी से चढ़ जाते हैं। रास्ते में बारिश भी हो रही थी। बारिश के पानी और घोड़ों की लीद से रास्ते पर फिसलन का होना स्वाभाविक था। पग-पग पर चौकन्ने रहकर किसी तरह इस कीचड़ भरे फिसलन को पार किया। 12 जून को हम प्रात: 11 बजे केदारनाथ पहुँचे। पैदल चलते और घुड़सवारी करते हुए हमने सोलह किलोमीटर की दूरी आठ घण्टों में तय की थी।

## केदारनाथ धाम

उस दिन केदारनाथ में तापमान शून्य से चार-पाँच डिग्री नीचे था। जिस गेस्ट हाऊस में हम ठहरे, वहाँ न हीटर था, न गर्म पानी की व्यवस्था। कम्बल जरूर मिल गए, जिनमें अपने आपको लपेटकर और गर्म चाय वगैरह पीकर हम ठण्ढ का सामना करने लगे।





थोड़ी देर विश्राम करने के बाद हम आस-पास के स्थानों और लोगों की जानकारी लेने निकल पड़े। दोपहर के एक बजे हम अपने अनुष्ठान के लिए उपयुक्त स्थान खोजने केदारनाथ मंदिर गये। मंदिर के पास यज्ञशाला में एक सुन्दर स्थान मिल गया, जहाँ मंदिर के हवन सम्पन्न किये जाते थे। प्रतिदिन हम वहीं अपना आसन जमाकर अनुष्ठान करते थे।

उस दिन संध्या आरती के समय भगवान केदारनाथ के प्रथम दर्शन हुए। हम तीन संन्यासी और हमारे प्रायोजक, श्री नटवर रतेरिया, मुख्य शिवलिंग से करीब छ: फीट की दूरी पर खड़े थे। वह शिवलिंग सामान्य अण्डाकार शिवलिंगों की भाँति नहीं है। केदारनाथ का शिवलिंग एक विशाल, त्रिभुजाकार शिलाखण्ड है जो बैल के कूबड़ की तरह दिखता है। लगभग छ: फीट लम्बा और चार फीट चौड़ा यह शिवलिंग सभी मायनों में अद्भुत है। हम विस्मित-से उसके समक्ष बैठ गए और पण्डितों ने शिव महिम्न: स्तोत्र का पाठ प्रारम्भ किया। हम लोग यह स्तोत्र जानते थे, इसलिए हम भी सस्वर साथ देने लगे।

प्रथम दिन मंदिर में आरती एवं स्तोत्रपाठ में लगभग चालीस मिनट लगे। आरती के बारे में तो जितना कहा जाए, कम है। आरती करने वाले पण्डित जी एक नर्तक की तरह हस्तमुद्राएँ अभिव्यक्त कर रहे थे। बड़े ही सुन्दर और मनोहारी ढंग से वे मंत्रोच्चार के साथ आरती दिखा रहे थे। आरती की शुरुआत धूप-अगरबत्ती से हुई, जिसे उनकी हस्तमुद्राओं ने नृत्य का स्वरूप दे दिया। फिर एक-के-बाद-एक कुल ग्यारह दीपशिखायें प्रज्ज्वलित कीं जो एकादश रुद्रों का प्रतिनिधित्व कर रही थीं।

अंत में उन्होंने एक बड़े पिरामिड आकार के दीपक से आरती सम्पन्न की। उस दीपक की अलौकिक आभा से सारा गर्भगृह आलोकित हो गया।

## दर्शन और अनुग्रह

इस तीर्थयात्रा के दौरान हमें अनेक दिव्य दर्शन और अलौकिक अनुभव हुए। एक अनुभव आरती के दौरान हुआ। उस विशाल शिवलिंग पर त्राटक करते समय हमें साक्षात् भगवान शिव का मुखमण्डल दिखाई दिया। उनके दायें नेत्र में स्वामी शिवानन्द जी, बायें नेत्र में स्वामी सत्यानन्द जी और ऊपर तीसरे नेत्र में साक्षात् देवी माँ के दर्शन हुए। नासिकाओं के स्थान पर शशांकासन में लेटे दो व्यक्तियों को देखा। उनमें से एक हम थे और दूसरी स्वामी सत्संगी। शिव जी के मुख के बायीं ओर गंगादर्शन, दायीं ओर रिखियापीठ और मध्य में संन्यास पीठ की स्पष्ट झलक दिखलाई दे रही थी। 'मैं तुम सबके साथ हूँ' – मेरे अन्तरतम में गूँजी यह गंभीर ध्वनि स्वयं भगवान शिव की वाणी थी। प्रथम दिवस की यह बहुत ही स्पष्ट और गहन अनुभूति थी!

अगले दिन सबेरे 5 से 7 बजे तक हमने अपने कमरे में माँ कात्यायनी के स्तोत्रों एवं मंत्रों का पाठ किया। नाश्ता करके 9 बजे हम मन्दिर गये। वहाँ अपना आसन बिछाकर 9 से 12 बजे तक हमने अपना अनुष्ठान सम्पन्न किया। स्वामी सत्यमूर्ति ने सहायक की भूमिका निभाते हुए हमारी सभी आवश्यकताओं का तत्परता से ध्यान रखा। स्वामी शिवराज भी इसमें अपना पूर्ण सहयोग दे रहे थे।

दूसरे दिन दोपहर के समय स्वामी शिवराज के साथ एक विशेष घटना घटी। जब हम अनुष्ठान कर रहे थे तब उन्होंने सात किलोमीटर आगे स्थित एक गुफा तक जाने की अनुमति माँगी। हमने कहा, 'वहाँ मत जाओ। चार किलोमीटर की दूरी पर एक झील है, वहाँ चले जाओ।' ब्रह्म सरोवर नामक उस झील की सुन्दरता और प्राकृतिक छटा देखते ही बनती है।

ब्रह्म सरोवर के मार्ग में एक नदी को पार करना पड़ता है। उसके लिये अपने जूते उतारकर, उस बर्फीले पानी में पैर रखकर अपने पंजों के बल धीरे-धीरे आगे सरकना पड़ता है। अपने पैरों को तुम उठा नहीं सकते, नहीं तो धार में बह जाओगे। पंजों को धीरे-धीरे रेंगते हुए आगे बढ़ना होता है। चार-पाँच कदम आगे बढ़ते ही पैर ठण्ढ से नीले पड़ जाते हैं और एकदम सुन्न हो जाते हैं। आदमी चकरा जाता है कि उसके पैर और पंजे आखिर गए कहाँ! पैरों का अनुभव करने के लिये अगर किसी पैर को जरा-सा भी उठाओगे तो संतुलन खो दोगे और नदी की धार तुम्हें बहा ले जाएगी। उसी नदी पर स्वामी शिवराज मृत्यु से बाल-बाल बचे। हनुमान जी का आवाहन करके वे चट्टानों के ऊपर कूदे और किसी तरह बच निकले। जब वे लौटे तो स्पष्ट नजर आ रहा था कि वे काल के साथ हुई उस अकाल भेंट से पूरी तरह हिल चुके हैं!

शाम को हमने मंदिर के गर्भगृह में अपना अनुष्ठान सम्पन्न किया और उसके बाद वहाँ स्तोत्रपाठ और मंत्रोच्चार शुरू हुआ। पण्डितों ने *लिंगाष्टकम्, शिव सहस्त्रनाम स्तोत्रम्* और *उमा महेश्वर स्तोत्रम्* का पाठ किया और हमने भी उनका साथ दिया। इसकी समाप्ति पर हमने ऊँचे स्वर में *शिव स्तुति* का पाठ किया। पण्डितों को थोड़ा आश्चर्य जरूर हुआ पर वे गर्भगृह में गूँजती इस शिव-श्रद्धांजलि को श्रद्धापूर्वक सुनते रहे।

## स्वप्न-निर्दिष्ट भेंट

उस रात हमने एक स्वप्न देखा और अगली सुबह स्वामी शिवराज से कहा, 'आज एक संन्यासी यहाँ आयेंगे, उनसे हमें भेंट करनी है।' प्रात: 11.30 बजे जब हम अनुष्ठान में तल्लीन थे तब मंदिर की दिशा से कुछ शोरगुल सुनाई दिया। एक प्रतिष्ठित संन्यासी मंदिर में अभी-अभी आए थे, और हम जान गये कि हमें इन्हीं से भेंट करनी है। हमने स्वामी शिवराज से कहा, 'जाकर पता लगाइये कि उनके पास मिलने का समय है क्या।' जब कथित संन्यासी ने स्वामी शिवराज को देखा तो उन्होंने कहा, 'मैंने तुम्हें बीस वर्ष पूर्व देखा था। तुम स्वामी सत्यानन्द जी के शिष्य हो न?' स्वामी शिवराज बोले, 'जी हाँ, स्वामी निरंजन भी मेरे साथ हैं। वे इस समय वहाँ बैठकर अनुष्ठान कर रहे हैं।'

इस बीच उनसे मिलने हम भी उठकर आ गये थे। उन्होंने हमसे कहा, 'हाँ, मैं आपको जानता हूँ। बहुत वर्ष पहले ही स्वामी सत्यानन्द जी ने आपको अपना उत्तराधिकारी बना दिया था न। स्वामीजी कैसे हैं?' जब हमने उन्हें श्री स्वामीजी की महासमाधि के बारे में बताया, तो वे एकदम निश्चल हो गये। आँखें बन्द कर कुछ क्षणों के लिये वे मौन रहे। तत्पश्चात् वे बोले, 'स्वामी सत्यानन्द जी सिद्ध पुरुष थे। वर्तमान में ऐसा कोई नहीं जिसकी तुलना उनसे और उनकी उपलब्धियों से की जा सके। उनके भौतिक प्रस्थान से हुई क्षति को तो पूरा नहीं किया जा सकता, लेकिन फिर भी उनका कार्य निर्बाध रूप से चलता रहेगा।' उन्होंने आगे कहा, 'हमारे आश्रम आइये, वहीं बातचीत करेंगे।' उनका नाम स्वामी रामानन्द था और वे स्वयं एक पहुँचे हुए सिद्ध हैं, जो केदारनाथ की बर्फीली ऊँचाइयों में अवधूत की तरह रहते हुए बारह साल तपस्या कर चुके हैं।

हमने अपना अनुष्ठान समाप्त किया और उसके बाद हम तीनों संन्यासी स्वामी रामानन्द जी के आश्रम की ओर चल पड़े जो केदारनाथ से ढाई किलोमीटर नीचे था। आधे घण्टे में हम वहाँ पहुँच गये, और स्वामी रामानन्द जी के साथ लगभग एक घण्टे तक बातचीत की। साधना और तपस्या के जिस मार्ग पर हमने कदम बढ़ाया है, उसके अनेक सूक्ष्म पहलुओं पर उन्होंने प्रकाश डाला। साथ ही स्वामी शिवानन्द जी और स्वामी सत्यानन्द जी के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने बतलाया कि पिछले वर्ष वे दक्षिण अफ्रीका गये थे, जहाँ स्वामी शिवानन्द जी के एक शिष्य



के कार्य को देखकर वे बेहद प्रभावित हुए। उन्होंने आगे कहा, 'लोग भले ही इस बात को न जानें लेकिन स्वामी शिवानन्द जी बीसवीं सदी के महानतम गुरु रहे हैं, जिनके शिष्य दुनियाभर में चमक रहे हैं। आज के युग में ऐसा कोई गुरु नहीं, जिसने इतनी बड़ी संख्या में इतने उच्च स्तर के शिष्य तैयार किए हों। सचमुच वे युगगुरु थे। जिसको भी उन्होंने स्पर्श किया वह चमक उठा। अन्य गुरुओं को न तो ऐसा अवसर मिलता है, न ही उनमें ऐसी विलक्षण क्षमता होती है। बहुत मेहनत से शायद वे ऐसे उच्च कोटि के एक-आध शिष्य ही तैयार कर पाएँ। लेकिन स्वामी शिवानन्द जी के पूरे विश्व में ऐसे कई असाधारण शिष्य-रत्न हैं जो अपने प्रकाश से संसार को प्रदीप्त कर रहे हैं।'

स्वामी रामानन्द जी ने श्री स्वामीजी के बारे में भी बहुत कुछ बतलाया। उन्होंने कहा, 'स्वामी सत्यानन्द जी ने जीवन के हर पहलू, हर आयाम को स्पर्श किया। वे हर प्रकार के कर्म, हर प्रकार के धर्म, हर प्रकार की साधना और हर प्रकार की सेवा में संलग्न हुए। उनसे कुछ भी अछूता नहीं रहा। मेरे विचार से ऐसा कुछ नहीं जो उन्होंने अपने जीवन में साधा न हो।' उनके व्यवहार और वार्त्तालाप से ही स्पष्ट था कि स्वामी शिवानन्द जी एवं श्री स्वामीजी के प्रति उनमें कितनी आत्मीयता और प्रेम था।

ढाई किलोमीटर की चढ़ाई वापस चढ़ने में हमें दो घण्टे लगे। हम पाँच बजे अपने गेस्ट हाऊस पहुँचे और वहाँ से तुरन्त मंदिर की ओर निकल गए जहाँ हमने नागा संन्यासियों और अन्य साधु-महात्माओं के साथ कुछ समय व्यतीत किया।

## अर्पण और अनुग्रह

छः बजे हम दर्शन के लिए पुन: गर्भगृह गए। यह हमारा अंतिम दिन था। हम अपने साथ पूजा-अर्चना का सारा सामान ले गए थे, जिसमें विश्व योग सम्मेलन का निमंत्रण पत्र भी शामिल था। हमने वह निमंत्रण पत्र पण्डित जी को दिया, और उन्होंने वह निमंत्रण पत्र शिवलिंग पर रखा। आरती के बाद दो घण्टे तक हम मंदिर में ही रहे। फिर हम वापिस अपने गेस्ट हाऊस आये जहाँ थोड़ा आहार और विश्राम लेकर, रात के 11 बजे हम पुन: मंदिर पहुँचे। भगवान केदारनाथ का मध्यरात्रि अभिषेक हमारे अनुष्ठान की अंतिम क्रिया थी। इस अभिषेक के दौरान हम शिवलिंग के एकदम करीब थे। यह हमारा परम सौभाग्य था क्योंकि इसकी अनुमति प्राय: किसी को नहीं दी जाती।

इतनी ऊँचाई पर न फूल उगते हैं, न घास, न पेड़, न और कुछ। वहाँ प्लास्टिक या कपड़े के फूलों से ही शिव जी की पूजा की जाती है। इसलिए हमने पहले ही दिल्ली फोन करके भास्कर परिवार से फूल, बिल्व पत्र, शृंगार हेतु वस्त्र तथा अभिषेक के लिए अन्य आवश्यक सामग्री लाने के लिये कह दिया था। अभिषेक के लिए पण्डित जी हम छ: लोगों को गर्भगृह के भीतर ले गए और हमने अपने साथियों को अलग-अलग दलों में विभाजित कर दिया। एक दल गंगा दर्शन विश्व योगपीठ की ओर से, एक दल रिखियापीठ की ओर से, एक दल संन्यास पीठ की ओर से और एक दल उन सभी लोगों की ओर से अभिषेक करने वाला था, जो श्री स्वामीजी से जुड़े हैं। हम सभी शिवलिंग के चार कोनों में अपना-अपना संकल्प लेकर बैठे थे, 'यह गंगा दर्शन विश्व योगपीठ के लिए', 'यह रिखियापीठ के लिए', 'यह संन्यास पीठ के लिए', और 'यह श्री स्वामीजी, योग और आश्रम से जुड़े सभी लोगों के लिए'। एक अर्से बाद शिवलिंग का अभिषेक असली फूलों और बेल पत्तों से हुआ। शिवसहस्रनामावलि का पाठ किया गया और प्रत्येक नाम के साथ बड़ी श्रद्धा के साथ एक बिल्व पत्र और एक कमल पुष्प शिवलिंग को अर्पित किया गया। हमने अपनी सभी मालाएँ, स्वामी शिवानन्द जी एवं श्री स्वामीजी की सभी तस्वीरें और अपना छोटा-सा शिवलिंग भी भगवान केदारनाथ पर रखा। श्री केदारनाथ की जो तस्वीरें वहाँ खरीदी थीं, उन्हें भी अभिषेक के दौरान शिवलिंग पर स्थापित किया। इस तरह शिवलिंग का शृंगार बहुत ही सुन्दर ढंग से किया गया। सम्पूर्ण अभिषेक मध्यरात्रि तक सम्पन्न हो गया।

तत्पश्चात् हम सभी गेस्ट हाऊस लौटे जहाँ हमने अपने साथियों से कहा, 'अब यहाँ करने के लिए कुछ शेष नहीं। कल सुबह छ: बजे हम लोग यहाँ से निकल चलेंगे।' हम लोग रात को डेढ बजे सोये और सुबह साढ़े तीन बजे उठ गये। छ: बजे हम केदारनाथ से निकल पड़े और बारह बजे तक हम रामबाड़ा पहुँच गए।

## जाको राखे साइयाँ मार सके न कोई

जैसे ही हम रामबाड़ा पहुँचे, उसी समय पर्वत शिखर पर छाया घना बादल फटा और मूसलाधार बारिश होने लगी। हम तेजी से पैदल उतरते गए और जैसे ही हम गौरीकुण्ड पहुंचे, ऊपर जबरदस्त भूस्खलन हुआ और रामबाड़ा का पूरा गाँव तहस-नहस हो गया। गौरीकुण्ड से हम कार में बैठकर सोनप्रयाग के लिए रवाना हुए। जब तक हम सोनप्रयाग पहुँचे, गौरीकुण्ड का पुल बह चुका था और बीस गाड़ियाँ पानी में गिर गई थीं। हमारे पीछे भयंकर भूस्खलन हो रहे थे, जिनसे सब कुछ नष्ट होता जा रहा था।

शाम होते-होते हम रुद्रप्रयाग पहुँचे और वहाँ रात बितायी। अगले दिन याने 16 तारीख को सुबह छ: बजे हमने अपने सहयात्रियों से कहा, 'हमें यहाँ से तुरंत रवाना होना है।' कुछ ही देर बाद नदी किनारे जिस होटल में हम ठहरे थे, वह बाढ़ की चपेट में ढह गया! शाम को ऋषिकेश पहुँचकर हमने वहाँ रात बितायी। नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा था। अगली सुबह जब हमने अपने कमरे की खिड़की खोली तो देखा कि गंगा किनारे सभी मकान जलमग्न हो चुके थे!

इस महाविनाश से हम कुछ ही घण्टे आगे थे। एक दिन में हमने लगभग डेढ़ सौ भूस्खलन देखे होंगे। *'2012'* नामक फिल्म की तरह महाकाल सब कुछ निगलते हुए हमारे पीछे आ रहा था और हम अपनी गाड़ी में उससे बस थोड़े ही आगे थे। कार के आईने में हम अपने पीछे ऊँचे पहाड़ों को धराशायी होते, सड़कों और गाँवों को बहते देख रहे थे। हमारे पीछे रुद्र की ताण्डव लीला चल रही थी, फिर भी हम पूर्णत: निर्भय और निश्चिन्त थे। हमें किसी प्रकार का डर या तनाव नहीं था, बल्कि खाते-पीते, कीर्तन-भजन गाते हम आगे बढ़ रहे थे। ऐसा लग रहा था मानो किसी उच्च शक्ति ने इस खतरे से बचाने के लिए हमें अपने हाथों में उठा रखा हो। सड़क पर जगह-जगह बड़ी-बड़ी चट्टानें गिरी पड़ी थीं, लेकिन हमारी कार को उनके बीच से निकलने की जगह मिल ही जाती थी। हमने हनुमान चालीसा की सी.डी. लगा रखी थी और ऐसा लग रहा था जैसे हमारी कार हनुमान जी के हाथों में हैं और वही मार्ग के सभी संकटों का मोचन करते जा रहे हैं। बाद में किसी ने कहा भी कि सम्पूर्ण यात्रा के समय ऐसा अनुभव हुआ जैसे हमारे चारों तरफ एक रक्षाकवच बंधा हुआ था और एक अदृश्य शक्ति हमें घेरकर हमारी रक्षा कर रही थी।

## शिव का संदेश

इस तीर्थयात्रा का संदेश कुछ ऐसा था मानो भगवान शिव हमसे कह रहे हों, 'मुझमें विश्वास रखो। तुम्हें मेरा दर्शन प्राप्त हो गया। अब तुम यहाँ से जाओ, क्योंकि मैं सब कुछ बदलने जा रहा हूँ।' भगवान केदारनाथ का अभिषेक करने वाले शायद हम आखिरी व्यक्ति थे। भगवान के इस दिव्य धाम पर जाने का, उनके दर्शन प्राप्त

करने का हमें जो दुर्लभ अवसर मिला, इसके लिए हम भगवान के प्रति अत्यन्त कृतज्ञ हैं। अब शायद कई सालों तक हम या अन्य भक्तगण वहाँ नहीं जा सकेंगे। वहाँ अब केवल मंदिर शिखर शेष है। बाकी सब कुछ दस-बारह फीट ऊँचे मलवे में दबा पड़ा है।

इस केदारनाथ यात्रा में भगवान शिव ने अपने रौद्र स्वरूप का परिचय दिया। लेकिन अपने दिल की गहराई में हमें यही लगता है कि वे हमें दर्शन देने की राह देख रहे थे। हमारा यह दृढ़ विश्वास है कि सबकुछ कायापलट करने से पूर्व उन्हें हमारी ही प्रतीक्षा थी।

हम एक साधारण तीर्थयात्री के रूप में एक विशेष उद्देश्य और प्रयोजन के साथ भगवान के दरबार गये थे, जहाँ हमें बिना किसी विशेष कठिनाई या संघर्ष के सब कुछ प्राप्त हो गया। हमें भगवान शिव के अपार अनुग्रह के साथ-साथ उनके ताण्डव नृत्य का भी प्रत्यक्ष अनुभव हुआ। याद करने पर यात्रा का पूरा अनुभव अविश्वसनीय-सा लगता है; जहाँ एक ओर साधना में सफलता का संतोष था, वहीं दूसरी ओर घोर विनाश और विपत्ति को देख गहरी तकलीफ भी हुई। अगर हृदय में दूसरों के लिए दु:ख और सहानुभूति है तो साथ ही एक गहन उपलब्धि की अनुभूति भी है। हम जिसके लिए केदारनाथ गए थे उसे पाकर लौटे। ■



# Shiva's Message of Light



Every day, as part of the pooja and sadhana at Satyam Udyan in Ganga Darshan, small deepaks are lit in front of little statues of different deities placed in the garden. The first deepak was lit in 1998, on the small Mount Kailash rock garden. While the deepak is placed there each evening, mantras are chanted in praise of Lord Shiva.

In June 2012, Swami Niranjan went on a yatra to Mount Kailash. One evening during this period, a huge storm raged in Ganga Darshan, with wild wind and torrential rainfall. In the midst of this storm, though all the other deepaks had blown out, the Kailash deepak continued to burn long into the night.

Until recently, that was the only time the Kailash deepak had burnt in such a manner. A year later, almost to the day, Swamiji again went on a yatra in the mountains. This time he went to Kedarnath, another sacred pilgrimage place of Lord Shiva in Uttarakhand. It was a shorter trip than the previous one, nevertheless as intense and extreme. On 15th June, a wild storm blew, again with gusting winds and hammering rain. One more time, the Mount Kailash deepak continued to burn in spite of the wind and water, which had blown out all the other deepaks in the garden. Not just that, it was hardly flickering at all. Even after three hours, when no oil was left in the deepak, it continued to burn.

In all the years since this deepak was first lit, it has burnt with such tenacity, courage and determination only when Swamiji was in the mountains worshipping Shiva. What do we learn

from these incidents? That God looks after his true devotee, and that to Him there is no one greater than one whose devotion is continuous, unbroken and true. This little oil deepak burning in the wind and rain is a reminder that when one worships the Lord with purity and innocence, as Swamiji does, the Lord is very happy, so happy he will offer his protection, and defy the laws of nature to reveal his grace and message.



# एक अविस्मरणीय यात्रा

## स्वामी सत्यमूर्ति सरस्वती

पादुका दर्शन आश्रम में प्रतिष्ठित भगवान केदारेश्वर की प्रतिमा की सेवा करते हुए हमेशा मन में यही विचार और भाव रहता कि मेरे केदारनाथ भगवान तो यहीं हैं। मैंने कभी सोचा ही नहीं था कि एक दिन मैं वास्तव में केदारनाथ जी के दर्शन के लिए तीर्थयात्रा पर जाऊँगा। पर एक दिन अनायास ही स्वामीजी का आदेश प्राप्त हुआ कि मुझे उनके साथ केदारनाथ यात्रा पर जाना है। स्वामीजी के पावन सान्निध्य में सम्पन्न हुई यह यात्रा मेरे लिए अविस्मरणीय बन कर रह गयी है, जिसकी कुछ झलकियाँ यहाँ प्रस्तुत कर रहा हूँ।

### पहला दिवस

हमारी यात्रा 10 जून, सोमवार को प्रात: चार बजे प्रारंभ हुई। मुंगेर से यात्रा प्रारंभ करने के पहले कुछ विशेष अनुभव हुए। यात्रा में जाने के तीन दिन पहले मुझे सर्दी, खाँसी और बुखार हो गया। मैंने तुरंत दवाइयाँ लीं ताकि यात्रा पर जाने से पहले मैं ठीक हो जाऊँ। लेकिन हुआ कुछ और ही। 9 जून को रात्रि में मुझे पूरे शरीर में दर्द एवं बेचैनी के साथ भयंकर बुखार आ गया। ऐसी शारीरिक हालत देखकर मुझे लगने लगा कि मैं अब इस यात्रा पर नहीं जा पाऊँगा। किन्तु मेरे अंदर से आवाज आयी कि सत्यमूर्ति, तुमने तो यात्रा पर जाने की इच्छा व्यक्त की नहीं है, यह तो स्वामीजी की इच्छा से हो रही है, इसलिए सबकुछ अब उनके ऊपर छोड़ दो। और मैंने ऐसा ही किया।

9 जून को मैं रात दो बजे तक सो नहीं पाया था और 10 जून को प्रात: चार बजे यात्रा के लिए प्रस्थान करना था। लेकिन स्वामीजी की कृपा से चमत्कारिक रूप से प्रात: बुखार गायब हो गया और मैंने स्वामीजी एवं स्वामी शिवराज जी के साथ यात्रा के लिए प्रस्थान किया। हम कार से 7.30 बजे पटना पहुँचे, फिर पटना से दिल्ली एवं दिल्ली से देहरादून की यात्रा हवाई जहाज द्वारा सम्पन्न हुई, जो मेरे लिए दीक्षा के समान थी, क्योंकि मैंने जीवन में हवाई यात्रा पहले कभी नहीं की थी। पटना जाते समय स्वामीजी ने कहा भी कि सत्यमूर्ति की आज हवाई यात्रा की दीक्षा भी हो जायेगी। हम देहरादून हवाई अड्डे से टैक्सी द्वारा शाम को श्रीनगर पहुँचे और वहीं पर एक होटल में रात्रि विश्राम किया।

### दूसरा दिवस

11 जून को प्रात: श्रीनगर से प्रस्थान कर हम दोपहर में सोनप्रयाग पहुँचे, वहाँ पर थोड़ा विश्राम किया और दोपहर के बाद गौरीकुण्ड के लिए प्रस्थान किया। शाम में

गौरीकुण्ड पहुँचे एवं वहाँ रात्रि विश्राम हुआ। शाम में गर्म जल के गौरी कुण्ड के दर्शन भी किये।

देहरादून से श्रीनगर, श्रीनगर से सोनप्रयाग एवं सोनप्रयाग से गौरीकुण्ड की यात्रा टैक्सी द्वारा सम्पन्न हुई, जो बहुत ही आनन्ददायक रही, क्योंकि रास्ते में स्वामीजी से प्राचीन काल में की जाने वाली तीर्थयात्राओं से सम्बन्धित सत्संग सुनने को मिलता रहा। मार्ग में नदियों के संगम एवं पेड़-पौधों की हरीतिमा से भरे दृश्य देखने को मिलते, मन प्रफुल्लित हो जाता, किन्तु इन सभी से आनन्दायक था स्वामीजी का सत्संग, जिसमें उन्होंने बताया कि प्राचीन समय में जब कोई व्यक्ति तीर्थयात्रा के लिए जाता तो पहले ही उसकी अन्त्येष्टि कर दी जाती थी कि पता नहीं वह वापस लौटेगा या नहीं, और यदि वह घर लौट कर आ जाता था तो पूरे वाद्य यंत्रों के साथ धूमधाम से उसका स्वागत किया जाता था।

## तीसरा दिवस

12 जून को प्रात:काल हमने गौरीकुण्ड से श्रीकेदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान किया। यह यात्रा पैदल एवं घोड़े द्वारा सम्पन्न हुई। हम 10.30 बजे गरुड़ चट्टी, रामानंद आश्रम, हनुमान गुफा पहुँचे और वहाँ पर गुफा का दर्शन किया। फिर 11 बजे श्रीकेदारनाथ धाम पहुँच गये। 1 बजे मंदिर दर्शन के लिए गये, फिर संध्या 5 बजे पुन: मंदिर गये और 6.30 से 7.00 बजे तक मंत्रों एवं स्तोत्रों के पाठ के साथ भगवान शिव की आराधना की, जो आनन्दविभोर कर देने वाली थी। इसके बाद हमने श्रीशंकराचार्य जी की समाधि के दर्शन किये।

## चौथा दिवस

अगले दिन, 13 जून को प्रात: 9 बजे स्वामीजी ने अपना अनुष्ठान केदारनाथ मंदिर के प्रांगण में स्थित यज्ञशाला में प्रारम्भ किया। यह अनुष्ठान 11.30 बजे सम्पन्न हुआ। इसी अनुष्ठान के दौरान स्वामी शिवराज ने दुर्गम ब्रह्मसरोवर की यात्रा सम्पन्न की। अपनी साधना सम्पन्न करने के पश्चात् दोपहर में स्वामीजी ने साधुओं के साथ संगत की।

संध्या के समय हम लोग स्वामीजी के साथ एक विशेष पूजा एवं आरती में भाग लेने के लिए गये। हमें भगवान केदारनाथ के सामने बैठकर मंत्रों का पाठ करने एवं आरती दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आरती लगभग एक घण्टे पैंतालिस मिनट की थी। ऐसी आरती मैंने जीवन में पहले कभी नहीं देखी थी। आरती के समय भगवान दिव्य वस्त्रों एवं अलंकारों से सजे हुए थे, साथ ही भगवान के पुजारी भी दिव्य वस्त्रों से सजे हुए थे। आरती के बीच मुझे ऐसा अनुभव होने लगा कि मैं मुंगेर आश्रम के अखाड़े में भगवान के साथ हूँ। जहाँ पर हवन के समय लोग बैठते हैं, उसी स्थान

के बीच में भगवान दिव्य वस्त्रों एवं अलंकारों से सुशोभित होकर वैसे ही बैठे हुए हैं जैसे केदारनाथ में दिखाई पड़ रहे थे।



मेरे मन में प्रश्न उठा कि भगवान को रहने के लिए स्थान कहाँ दूँ। स्वत: उत्तर मिलता है कि स्वामीजी ने पादुका दर्शन आश्रम में आपकी प्रतिमा स्थापित की है, उसी प्रतिमा में प्रवेश कर जाइये और अपना दुर्लभ दर्शन एवं आशीर्वाद प्रदान करते रहिये, जिससे आपके भक्त लोग कृतार्थ होते रहें, यही मेरी प्रार्थना है भगवन्! मेरे दोनों नयनों से अश्रुपात होने लगता है और कुछ समय बाद आरती समाप्त हो जाती है।

मुझे लगता है कि भगवान ने ऐसा अनुभव इसलिए प्रदान किया कि यात्रा पर जाने से पहले मेरे मन में इच्छा या विचार ही नहीं था कि मैं केदारनाथ जी की यात्रा पर जाऊँगा। मेरे मन में ऐसा भाव था कि मेरे केदारेश्वर भगवान तो पादुका दर्शन में ही हैं। यात्रा पर जाने के एक-डेढ महीने पहले मैंने यही बात अपने एक साथी को बतायी थी कि मेरे केदारेश्वर भगवान तो यहीं हैं, और मेरी इस बात को भगवान ने अपनी कृपा से सत्य बना दिया। भगवान की लीला अपरम्पार है, जिसका शब्दों में वर्णन संभव नहीं। जय श्री केदारनाथ की!

## पाँचवा दिवस

14 जून को स्वामीजी ने पुन: प्रात: 9.30 बजे अपना अनुष्ठान मंदिर प्रांगण में स्थित यज्ञशाला में प्रारंभ किया। अनुष्ठान 12.00 बजे सम्पन्न हुआ। यहाँ स्वामीजी की सहजता एवं सरलता देखकर मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला।

इस अनुष्ठान के समय मेरे साथ एक घटना घटी, जो मेरे लिए बहुत महत्त्वपूर्ण थी, क्योंकि मैं कभी सपने में भी नहीं सोच सकता था कि मैं ऐसा कर सकता हूँ। जिस समय स्वामीजी अनुष्ठान कर रहे थे, उसी समय स्वामी रामानंद जी श्रीकेदारनाथ के दर्शन करके बाहर निकल रहे थे। अनुष्ठान सम्पन्न करने के बाद स्वामीजी ने मुझसे कहा कि तुम यहीं रहना और स्वयं स्वामी रामानंद जी से मिलने के लिए चले गये। इसी बीच हम लोग जहाँ ठहरे थे, वहाँ के पंडित आये और मुझे भी रामानंदजी के दर्शन के लिए जाने को कहा। उन्हें वहाँ पर खड़ा करके मैं भी रामानंदजी के दर्शन

के लिए चला गया। जब वापस आया तो स्वामीजी ने पूछा कि तुम कहाँ चले गये थे। मैंने सब कुछ बता दिया। स्वामीजी ने कुछ कहा नहीं, परंतु मुझे अंदर-ही-अंदर बहुत ग्लानि हो रही थी कि मैंने क्या किया। फिर मैंने अपने आपको प्रतिपक्ष भाव के द्वारा संभाला और ऐसा संकल्प लिया कि इस प्रकार की गलती दुबारा नहीं करूँगा और पूरी सजगता के साथ अपना कर्तव्य निभाऊँगा।

संध्याकाल में स्वामीजी आरती के पहले बहुत-से नागा साधुओं से मिले। फिर आरती का दर्शन किया और मध्यरात्रि में षोडशोपचार के साथ भगवान केदारनाथ की पूजा सम्पन्न की। स्वामीजी की असीम कृपा से हमें भी उनके साथ भगवान की षोडशोपचार पूजा करने का अवसर प्राप्त हुआ, जो बहुत ही आनन्ददायक एवं अविस्मरणीय रहा, क्योंकि उस समय से ऐसा लग रहा है कि भगवान केदारनाथ का निवास मेरे हृदयाकाश में हो गया है, जबकि ऐसा कहा जाता है कि भगवान शिव का स्थान आज्ञाचक्र में है।

पूजा के समापन के पश्चात् जब हम लोग अपने निवास स्थान पहुँचे तब स्वामीजी ने कहा कि सत्यमूर्ति ने आज योगेश्वर भगवान के बाद सीधे केदारनाथ भगवान की षोडशोपचार पूजा की है। स्वामीजी की इस बात को सुनने के बाद मेरा मुख बंद हो गया, आँखें आँसुओं से भर गयीं, मैंने अपना सिर स्वामीजी के श्रीचरणों में रख दिया और उस अद्भुत अनुभव में विलीन हो गया।

## छठे, सातवें और आठवें दिवस में वापसी यात्रा

15 जून को प्रात:काल श्रीकेदारनाथ से वापसी यात्रा प्रारंभ हुई, जो बहुत ही कृपापूर्ण एवं अनुभवप्रदायी थी, क्यों हम लोगों के आगे तो कम, परन्तु पीछे के रास्ते अत्यंत दुर्गम बनते जा रहे थे। 12 बजे हम लोग गौरीकुण्ड पहुँचे। श्रीकेदारनाथ से गौरीकुण्ड की यात्रा पालकी एवं घोड़े द्वारा सम्पन्न हुई। गौरीकुण्ड से रुद्रप्रयाग की यात्रा टैक्सी द्वारा सम्पन्न हुई। रुद्रप्रयाग में रात्रि विश्राम हुआ। उसी समय मुझे स्वामीजी द्वारा कही हुई बात याद आई, जो उनके गुरु, श्री स्वामी सत्यानंद जी ने उन्हें बतायी थी कि ये पहाड़ बहुत ललचाते हैं, लेकिन इनमें तुम रह नहीं पाओगे। वापसी यात्रा में मैंने उनकी यह बात चरितार्थ होते देखी।

16 जून को प्रात:काल 8 बजे हम लोगों ने रुद्रप्रयाग से प्रस्थान किया, किन्तु कठिन परिस्थितियों के कारण देहरादून नहीं पहुँच सके, इसलिए ऋषिकेश में रात्रि विश्राम किया।

17 जून की वापसी यात्रा ऋषिकेश से देहरादून टैक्सी द्वारा एवं देहरादून से दिल्ली होते हुए पटना तक हवाई जहाज द्वारा सम्पन्न हुई। फिर पटना से मुंगेर की यात्रा टैक्सी द्वारा सम्पन्न हुई। इस प्रकार स्वामीजी के सान्निध्य में यह रोचक और दुर्गम यात्रा पूर्ण कर हम लोग रात 11 बजे वापस मुंगेर आश्रम आ गये। ■



# Will of Shiva

The sun may rise in the West,
It may delay in rising.
The Mount Kailash may be shattered to pieces,
The jasmine may give up its aroma,
Ice may abandon its coolness,
Fire may relinquish its heat.
Diamond may give up its lustre,
The Pole Star may change its position,
Savitri may give up her chastity,
But the Will of Siva is ever strong and adamant.
It never undergoes wanting or agitation,
Never, even by an error, is there a decline in its potency!

*—Swami Sivananda Saraswati*



# शंकर सुखकर प्रलयंकर

*गुरुवर निरंजन का केदार गमन,*
*औ' प्रचण्ड प्रलय से प्रत्यावर्तन ।*
*जिस भी दृष्टि से देखो यह घटनाक्रम,*
*मालूम पड़ते मर्म और रहस्य गहन॥1॥*

*जहाँ किया पाण्डवों ने स्वर्गारोहण,*
*स्वामीजी ने लिया वहाँ प्रबल एक प्रण।*
*'न हम चाहें निर्वाण न स्वर्गारोहण,*
*स्वर्ग का धरा पर करेंगे हम आवाहन'॥2॥*

*'धरा के अधीर अधरों में अब हम,*
*करेंगे स्वर्गापगा का अभिनव सिंचन'।*
*'गंगाधर' और 'गंगापुत्र' का गजब सम्बन्ध,*
*'सत्य हो संकल्प तुम्हारा' दे दिया वचन॥3॥*

*किया केदारनाथ ने जटा विमोचन,*
*पूरा जो करना था भक्त का यह प्रयोजन ।*
*दौड़ पड़ी माता करने पुत्र का आलिंगन,*
*औ' इठलाती लहरों ने मचाया खूब उधम॥4॥*

*रोष आशुतोष का है केवल एक भ्रम,*
*शंकर प्रलयंकर का ताण्डव है नर्तन।*
*इस नर्तन से ही होता जग में नवसृजन,*
*बीज के मरण बिना नहीं हो अंकुरण॥5॥*

*सदियों पहले आदि शंकराचार्य के जीवन,*
*का केदार में हुआ था अंतिम विलयन।*
*मन में उठता अब यह स्वाभाविक चिंतन,*
*शंकर का निरंजन रूप में क्या पुनरागमन ... ॥6॥*

## Yoga Publications Trust

# *Shiva Charitra*

## *The Narratives of Shiva*

*New Release*







In February 2009, Swami Niranjanananda Saraswati gave a unique series of satsangs, telling the stories of Shiva. This, however, was no ordinary storytelling. Held at the precincts of the ancient temple of Baidyanatheshwar Shankarbag, Munger, the program became the medium of a special awakening. Everyone present felt the unfoldment of Shiva consciousness at their own level.

*Shiva Charitra – Narratives of Shiva* is a compilation of these satsangs. Covering a wide range of topics, including creation, pashupata tantra, the Shiva-Shakti principle, the philosophy of bhakti, the significance of the Shivalingam, Swami Niranjan explains the symbologies inherent in the stories of Shiva. Whether one ponders over the deeper meanings, or simply delights in the *lila*, the cosmic sport, of the divine, the grace of Shiva and guru is undoubtedly experienced across the pages.

**For an order form and comprehensive publications price list, please contact:**
**Yoga Publications Trust**,
Ganga Darshan, Fort, Munger, Bihar 811 201, India
Tel: +91-6344 222430 , Fax: +91-6344 220169

A self-addressed, stamped envelope must be sent along with enquiries to ensure a response to your request.

**हरि ॐ**

**सत्य का आवाहन** एक द्वैभाषिक, द्वैमासिक पत्रिका है जिसका सम्पादन, मुद्रण और प्रकाशन श्री स्वामी सत्यानन्द सरस्वती के संन्यासी शिष्यों द्वारा स्वास्थ्य लाभ, आनन्द और प्रकाश प्राप्ति के इच्छुक व्यक्तियों के लिए किया जा रहा है। इसमें श्री स्वामी शिवानन्द सरस्वती, श्री स्वामी सत्यानन्द सरस्वती एवं स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती की शिक्षाओं के अतिरिक्त संन्यास पीठ के कार्यक्रमों की जानकारियाँ भी प्रकाशित की जाती हैं।

**सम्पादक** – स्वामी योगमाया सरस्वती
**सह-सम्पादक** – स्वामी शिवध्यानम् सरस्वती

संन्यास पीठ, द्वारा-गंगादर्शन, फोर्ट, मुंगेर 811201, बिहार, द्वारा प्रकाशित।

थॉमसन प्रेस इण्डिया लिमिटेड, हरियाणा में मुद्रित।

© Sannyasa Peeth 2013

पत्रिका की सदस्यता एक वर्ष के लिए पंजीकृत की जाती है। देर से सदस्यता ग्रहण करने पर भी उस वर्ष के जनवरी से दिसम्बर तक के सभी अंक भेजे जाते हैं। कृपया आवेदन अथवा अन्य पत्राचार निम्नलिखित पते पर करें –

**संन्यास पीठ**
द्वारा-गंगा दर्शन,
फोर्ट, मुंगेर, 811201,
बिहार, भारत

अन्य किसी जानकारी हेतु स्वयं का पता लिखा और डाक टिकट लगा हुआ लिफाफा भेजें, जिसके बिना उत्तर नहीं दिया जायेगा।

*कवर फोटो* : केदारेश्वर, पादुका दर्शन, मुंगेर

*अन्दर के रंगीन फोटो* : 1: श्री स्वामी सत्यानन्द सरस्वती; 2-3: केदारेश्वर; 4-5: ब्रह्म सरोवर, केदारनाथ से आगे; 6-7: केदारनाथ मंदिर; 8: स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती;

• Registered with the Registrar of Newspapers, India
Under No. BIHBIL/2012/44688



# Sannyasa Peeth Events 2014

| | |
|---|---|
| *Jan 24–Feb 3* | Discourses on *Ramayana* by Pd. Shambhu Sharan, Kolkata |
| *Feb 1–Jul 25* | 6-month Gurukul Lifestyle Course |
| *Feb 4–Feb 13 2016* | 2-year Sannyasa Training Course |
| *Mar 20–26* | Discourses on Srimad Bhagavatam by Swami Girishananda, Jabalpur |
| *Apr–Oct* | All-India Yoga Yatra |
| *Aug 1–Jan 25* | 6-month Gurukul Lifestyle Course |
| *Sep 8–12* | Sri Lakshmi-Narayana Mahayajna |

***For more information on the above events, contact:***

Sannyasa Peeth, c/o Ganga Darshan, Munger, Bihar 811201, India
Tel: 06344-222430, 06344-228603, 09304799615   Fax: 06344-220169
Website: www.biharyoga.net

✉ A self-addressed, stamped envelope must be sent along with enquiries to ensure a response to your request